राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने माननीय प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास की यात्रा करनेवाली सीवान (बिहार) की 23 वर्षीया सुश्री प्रियंका एवं बिहार में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े 'तारापुर शहीद दिवस' (मुंगेर) के ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण प्रसंग को प्रधानमंत्री जी से साझा करनेवाले मुंगेर के श्री जयराम विप्लव को आज राजभवन में सम्मानित किया

पटना, 12 फरवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की बातों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास जीरादेई की पर्यटकीय यात्रा करनेवाली सीवान (बिहार) की 23 वर्षीया जागरूक बेटी सुश्री प्रियंका पांडेय एवं बिहार में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े 'तारापुर शहीद दिवस' (15 फरवरी, 1932) के ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण प्रसंग को प्रधानमंत्री जी से साझा करनेवाले मुंगेर के श्री जयराम विप्लव को बुद्ध–प्रतिमा एवं मधुबनी पेंटिंग का अंगवस्त्रम् प्रदान करते हुए सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री चौहान ने दोनों सम्मानित युवाओं से कहा कि जागरूक एवं होनहार युवा ही अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम रौशन करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' तथा 'आत्मनिर्भर' एवं स्वाभिमानी भारतवर्ष के माननीय प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने की दिशा में देश के युवा वर्ग अग्रणी भूमिका निभायेंगे।

राज्यपाल ने कहा है कि सुश्री प्रियंका जी जैसी होनहार छात्रा एवं श्री जयराम विप्लव जी जैसे राष्ट्रभक्त बिहारी युवा को राजभवन पटना में आमंत्रित कर सम्मानित करने से युवावर्ग राष्ट्र के नवनिर्माण हेतु अभिप्रेरित होंगे।

ज्ञातव्य है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 वर्षीया सीवानवासी बिहार की बेटी सुश्री प्रियंका द्वारा 'नमो एप' (Namo App) पर लिखी गई उसकी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए विगत 31 जनवरी, 2021 को आकाशवाणी से प्रसारित अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में इस बात का उल्लेख किया था कि सीवान की हिन्दी साहित्य की विद्यार्थी प्रियंका जी ने उनके सुझावों से प्रेरित होते हुए पहली जनवरी को भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास का परिभ्रमण किया। प्रधानमंत्री ने बताया था कि प्रियंका अपने घर से 15 कि॰मी॰ दूर प्रथम राष्ट्रपति जी के पैतृक निवास पर पहली बार जाकर काफी अभिप्रेरित हुई। वहाँ उन्हें डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी द्वारा लिखी गई किताबें प्राप्त हुईं और अनेक ऐतिहासिक तस्वीरें देखने को मिलीं। प्रधानमंत्री जी से प्रियंका ने बापू की जीरादेई यात्रा के समय की राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद जी की एक तस्वीर भी साझा की थी। 'मन की बात' शीर्षक उक्त कार्यक्रम के दौरान ही माननीय प्रधानमंत्री ने मुंगेर के युवा श्री जयराम विप्लव द्वारा भारतीय स्वतंत्रता–संग्राम से जुड़े बिहार के 'तारापुर शहीद दिवस' (मुंगेर) के ऐतिहासिक गौरवपूर्ण प्रसंग, जिसमें भारतमाता के सपूत अनेक स्वतंत्रता–सेनानी शहीद हुए थे, के उल्लेख को भी अत्यन्त प्रेरणादायी बताया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 'तारापुर शहीद दिवस' (15 फरवरी, 1932) की ऐतिहासिक घटना के बारे में सविस्तार चर्चा एवं गौरवपूर्ण उल्लेख होना चाहिए ताकि भावी युवा पीढ़ी राष्ट्रप्रेम की भावना से और अधिक अनुप्राणित हो सके।

आगे पृष्ठ...2 पर

राज्यपाल श्री चौहान ने भारतीय स्वतंत्रता के आगामी 75वें वर्ष के मद्देनजर स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ी अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण घटनाओं और भारतीय स्वतंत्रता के महानायकों पर पुस्तक–लेखन के लिए युवा लेखकों को प्रेरित करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान के आलोक में बिहारी युवा एवं प्रबुद्ध लेखकों को भी उत्साहित होकर रचनात्मक अवदान प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल श्री चौहान ने आज पुनः बिहारी प्रतिभाओं की पहचान एवं प्रशंसा के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

इस सम्मान कार्यक्रम के समय राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू भी उपस्थित थे।

....